हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 13 सितम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4 वन विभाग हर साल जंगलों में लगा रहा लाखों पौधे, नहीं सुधर रही वनों की सेहत



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

# होटलों में परोसी जा रही अमानक खाद्य सामग्री, 19 के सैंपल फेल

## सुनवाई के बाद लगाया गया 3.10 लाख रुपए का जुर्माना, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होटल, ढाबों और दुकानों में लोगों को गुणवत्ताहीन सामान परोसा जा रहा है। इस बात का खुलासा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग व एसडीएम की कार्रवाई से हुआ है। विभिन्न दुकानों से लिए गए 19 खाद्य प्रतिष्ठानों के सैंपल अमानक पाए गए। गुणवत्ता जांच में खाद्य सामग्रियों के नमूने फेल होने पर सुनवाई के बाद एसडीएम न्यायालय से 3 लाख 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

बता दें कि समय समय पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विभिन्न दुकानों के सैंपल लिए जाते है। मिलावट और गुणवत्ता की कमी का पता लगाने के लिए विभाग की ओर से शहर के कई होटलों, ढाबा से सैम्पल लिए गए थे और उन सैम्पल को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी भेजा गया था। पिछले तीन से चार सालों के बीच लिए गए सैम्पल में से 19 खाद्य सामग्रियों के सैम्पल फेल हो गए है ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस कदर लोगों को गुणवत्ताहीन और मिलावटी खाद्य सामग्री परोसी जा रही है। इन सामग्रियों के सेवन से लोगों की सेहत पर बुरा असर हो रहा है। जिन खाद्य सामग्रियों के सैंपल जांच नमूने अवमानक एवं मिथ्याछाप पाए गए। इन सभी प्रकरणों की सुनवाई अतिरिक्त जिला दंडाधिकारीबी के कार्यालय में हुई इस दौरान एसडीएम ने सुनवाई के बाद सभी 19 दुकान संचालकों को दंडित किया है और उनपर 3 लाख 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।



### लगाया गया है जुर्माना

विभिन्न दुकानों से लिए गए सैम्पल फेल हो गए। इस मामले में लंबित प्रकरणों की सुनवाई एसडीएम कोर्ट में हुई। अवमानक और मिथ्याछाप पाए गए सामग्रियों के मामले के कार्रवाई की गई है और जुर्माना लगाया गया है। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

आरआर देवांगन
वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी

### इनपर हुई कार्रवाई

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से शिवम डेली नीड्स न्यू बस स्टैण्ड पर 5 हजार रुपए, नवीन किराना स्टोर, एमजी रोड 10 हजार रुपए, मोनिका केरकेट्टा, ग्राम सिलसिला 5 हजार रुपए, आनन्द किराना स्टोर, महामाया रोड 10 हजार रुपए, शीतल रेस्टोरेंट लखनपुर 10 हजार रुपए, एसबी बाजार, बनारस रोड 35 हजार रुपए, रामेश्वर यादव ग्राम बैढी 5 हजार रुपए, पंचशील स्वीट्स, देवीगंज रोड 45 हजार रुपए, होटल नीलकमल, पुराना बस स्टैण्ड, अंबिकापुर 10 हजार रुपए, जायसवाल होटल, रघुनाथपुर 10 हजार रुपए, बीकानेर नमकीन भण्डार अंबिकापुर 20 हजार रुपए, मा जायसवाल होटल, रघुनाथपुर 10 हजार रुपए, मां महामाया डेयरी, केदारपुर 5 हजार रुपए, महामती स्वीट्स, पुराना बस स्टैण्ड 10 हजार रुपए, दिनेश किराना स्टोर लुण्ड्रा 10 हजार रुपए, जय महामाया स्वीट्स गुदरी रोड 10 हजार रुपए, समीत होटल ग्राम सोहगा दरिमा 10 हजार रुपए, महामाया फूड एण्ड ग्रेन्स, भिट्ठीकला 25 हजार रुपए व आयुषी स्वीट्स, गांधी नगर पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

## लापरवाही पर दो नर्सिंग स्टाफ को किया गया निलंबित

# 3 माह की गंभीर बच्ची को बिना ऑक्सीजन लगाए भेजा एंबुलेंस से





अस्पताल में परिजन से जानरी लेते व बच्ची को देखते सीएमएचओ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- बलरामपुर जिला अस्पताल का मामला

रिफर की गई गंभीर मासूम बच्ची को ऑक्सीजन लगाए बिना एंबुलेंस में भेजने के मामले को स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता से लिया है। तीन माह की बच्ची की मौत के मामले में प्रारंभिक जांच के बाद जिला अस्पताल बलरामपुर में पदस्थ दो स्टाफ नर्स को संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही इस मामले की विभागीय जांच अभी जारी है।

बता दें कि बलरामपुर जिले के ग्राम पिंडरा निवासी सनम अगरिया की तीन माह की बच्ची संजना अगरिया की तबीयत खराब होने पर परिजन 9 सितम्बर को परिजन उसे लेकर निजी चिकित्सक के पास पहुंचे थे जहां डॉक्टर ने उन्हें बच्ची को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी थी। परिजन जब बच्ची को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे तो बच्ची में निमोनिया के लक्षण नजर आने पर शिशु रोग विशेषज्ञ ने उसका उपचार शुरू किया और तत्काल ऑक्सीजन लगाने के निर्देश दिए। बच्ची को आईसीयू में ऑक्सीजन के सपोर्ट में रखा गया क्यों कि उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। बच्ची की स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया था लेकिन अस्पताल में पदस्थ कर्मचारियों ने इस पूरे मामले में लापरवाही बरती। बच्ची को रिफर करने पर अंबिकापुर रिफर किए गए एक अन्य मरीज के साथ संजना अगरिया को भी भेजने की वयवस्था बना दी गई और उसका ऑक्सीजन मास्क हटाकर मां ललकी अगरिया के साथ चालक के बगल वाली सीट पर बैठाकर रवाना कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की मौत के बाद परिजन रात दस बजे लाश लेकर पुनः जिला अस्पताल बलरामपुर पहुंचे जहां उन्होंने जमकर हंगामा मचाया और लापरवाही का आरोप लगाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। घटना की सूचना मिलने के बाद सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह भी मौके पर पहुंचे थे और प्रारंभिक जांच में नर्सिंग स्टाफ की लापरवाही सामने आई थी।

### नर्सिंग स्टाफ ने बरती लापरवाही

बच्ची की मौत के मामले में सीएमएचओ डॉ. बंसत सिंह ने जांच रिपोर्ट संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला को भेजी थी। इस दौरान जांच में पुष्टि हुई कि जिला अस्पताल में पदस्थ स्टाफ नर्स सतीस अरकसेल व नीतू केसरी ने लापरवाही बरती और गंभीर मरीज को बिना ऑक्सीजन सप्लाई के ही एंबुलेंस में लापरवाहीपूर्वक भेजा जिससे मासूम की मौत हुई। इस मामले में संयुक्त संचालक डॉ. शुक्ला ने स्टाफ नर्स सतीस अरकसेल व नीतू केसरी को शुक्रवार को निलंबित कर दिया है इसके साथ ही निलंबन अवधि में जिला अस्पताल बलरामपुर में मुख्यालय निर्धारित किया है। संयुक्त संचालक डॉ. शुक्ला ने संभाग भर के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि सभी अपने कर्तव्य के प्रति पुरी निष्ठा से कार्य संपादित करें। भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति यदि पायी जाती है तो उनके विरूद्ध भी तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# रामानुजगंज तहसील कार्यालय में शराबी कानूनगो ने मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- वीडियो वायरल होने के बाद कलेक्टर ने किया निलंबित

बलरामपुर तहसील कार्यालय में शुक्रवार को एक कानूनगो ने जमकर उत्पात मचाया। नशे की हालत में पहुंचे कानून गो ने ऊटपटांग हरकत करने के साथ ही घंटों हंगामा किया। इस हंगामे के कारण कार्यालय में कामकाज प्रभावित रहा और लोग परेशान होते रहे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। अब इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने कानूनगो को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है इसके साथ ही मामले की जांच जारी है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रामानुजगंज तहसील कार्यालय में शुक्रवार को प्रभारी लिपिक कानूनगो शाखा व नायब नजीर प्रवीण कुमार लकडा शराब के नशे में धुत होकर पहुंचा हुआ था। कार्यालय में आने के बाद कर्मचारी ने ऊटपटांग हरकत शुरू कर दी। प्रवीण कुमार लकड़ा ने कार्यालय में जोर जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया और टेबल- कुर्सियों पर हाथ पटकना शुरू किया। उसकी इस हरकत से कार्यालय में हड़कंप मच गया और काम कराने आए लोग भी हैरान हो गए। लगभग एक घंटे तक कर्मचारी ने शराब के नशे में धुत होकर उत्पात मचाया जिससे कार्यालय में काम काज प्रभावित हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद प्रवीण कुमार लकडा को शांत कराया गया जिसके बाद परिजन को घटना की सूचना दी गई और परिजन के साथ उसे घर भेज दिया गया। तहसील कार्यालय में कर्मचारी के इस उत्पात का लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।



शराबी कर्मचारी को उठाकर ले जाते लोग।

वीडियो वायरल होने के बाद कलेक्टर बलरामपुर राजेन्द्र कटारा ने कार्यालय तहसीलदार रामानुजगंज में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 कर्मचारी प्रवीण कुमार लकडा प्रभारी लिपिक कानूनगो शाखा तथा नायब नाजीर को नशे की हालत में कार्यालय आने और उत्पात मचाने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कलेक्टर ने इसे पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता माना है। निलंबन अवधि में प्रवीण कुमार लकड़ा का मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय स्थानीय नियत किया गया है।

# ट्रक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- घायल को किया गया रिफर, एनएच 130 पर हुई घटना

शुक्रवार की दोपहर एनएच 43 पर ट्रक और बाइक के बीच हुई भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दुसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर चालक की तलाश की जा रही है।

थाना अंतर्गत उलकिया ठेरगापारा निवासी 25 वर्षीय विक्की आ. बालक कंवर अपने रिश्तेदार 40 वर्षीय दिलभंजन आ. ठुरु कंवर के साथ किसी काम से निकला हुआ था। दोनों बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजेड 4856 से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान दोपहर लगभग ढाई से तीन बजे के बीच दोनों जैसे ही ग्राम गुतुरमा में बेलगांव नाला के ऊपर पहुंचे कि पत्थलगांव से अंबिकापुर की ओर आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5441 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक विक्की कंवर के सिर में आई गंभीर चोट के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका रिश्तेदार दिलभंजन भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा घायल को उपचार के लिए सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि मृतक के शव को मर्च्युरी में रखा गया है। प्रारंभिक उपचार के बाद दिलभंजन कंवर को भी गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। इस घटना के बाद परिजन सदमें में है और उनका रो रोकर बुरा हाल है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस घटना के बाद चालक फरार हो गया। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।



# रजत जयंती महोत्सव के तहत लगेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सरगुजा द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों की श्रृंखला शुरू की गई है। इसकी शुरुआत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित शिविर से हुई। कलेक्टर ने रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की। शिविर में जिला प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही 13 सितम्बर को सीतापुर मारवाड़ी युवा मंच, अग्रसेन भवन सीतापुर, 16 सितम्बर मारवाड़ी युवा मंच अंबिकापुर, अग्रसेन भवन 17 सितम्बर को अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद, जैन मंदिर चोपड़ापारा अंबिकापुर एवं ब्लड सेंटर, 17 सितम्बर को शहरी स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा, 19 सितम्बर को लुंड्रा सीएचसी, 20 सितम्बर को उदयपुर सीएचसी में शिविर लगेगा। जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि इस शिविरों से न केवल रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होगी बल्कि लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को, डीपीएम डॉ. पुष्पेंद्र राम, डॉ जगरानी एक्का, डॉ चंद्रशेखर गुप्ता, जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पूर्व डिप्टी सीएम का दावा-388 ऐसे मकान जहां 20 से अधिक मतदाताओं एक नाम दर्ज

# अम्बिकापुर विधानसभा में दर्ज हैं 630 से अधिक डुप्लीकेट वोटर : टीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर चलाए गए अभियान के बीच प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने सरगुजा और अंबिकापुर विधानसभा की मतदाता सूची में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने का दावा किया है। श्री सिंहदेव ने कहा है कि अकेले अम्बिकापुर शहर के 111 मतदान केन्द्रों पर 388 ऐसे मकान हैं जहां 20 या उससे अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में रजिस्टर हैं और ऐसे मतदाताओं की संख्या 10662 है।



पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित अम्बिकापुर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के जोन अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी एवं बीएलए की बैठक के दौरान इसकी जानकारी प्रदान की है। उन्होंने बताया कि शहर में कुछ ऐसे मकान भी मौजूद हैं जहां डेढ़ सौ से अधिक मतदाताओं के नाम एक ही मकान नंबर पर पंजीकृत हैं। उन्होंने जानकारी दी कि प्रारंभिक जांच में यह भी स्पष्ट हुआ है कि अकेले अंबिकापुर विधानसभा में 630 से अधिक डुप्लीकेट वोटर मौजूद हैं। जोन अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी और बीएलए के साथ संवाद के दौरान पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि हरियाणा चुनाव के बाद से ही पार्टी नेतृत्व को ऐसा लग रहा था कि नतीजे गडबड हैं। महाराष्ट्र चुनाव के एकतरफा नतीजों ने इस धारणा को और पुष्ट किया। 7 अगस्त को पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने उन तथ्यों को सामने रख दिया जो कि वोट चोरी के ठोस सबूत थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का व्यवहार भाजपा के अनुषांगिक संगठन की तरह का है। चुनाव आयोग की घोषणा के पहले ही भाजपा आईटी सेल चुनाव तारीखों की घोषणा कर देती है। चुनावों की घोषणा के पहले आयोग प्रधानमंत्री को उद्घाटन और लोकार्पण के अवसर देता है। चुनाव के चरणों को तय करते समय आयोग इस बात का ध्यान रखता है कि प्रधानमंत्री को प्रचार का अवसर मिले। अब जब मतदाता सूचियों में भारी गड़बड़ी सामने आ रही है और इन गड़बड़ियों की जांच के बजाय आयोग सीनाजोरी कर रहा है ऐसे में यह धारणा पुष्ट हो रही है कि आयोग भाजपा का अनुषांगिक संगठन है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में हेराफेरी के लिये भाजपा के पास एक बडा तंत्र मौजूद है। उनसे सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि ⏭ शेष पेज 4 पर

# रांची से गिरफ्तार किए गए दो और डोडा सप्लायर, पुलिस ने की कार्रवाई

**अंबिकापुर।** डोडा तस्करी को लेकर चल रही कार्रवाई के कड़ी में बसन्तपुर पुलिस ने एक बार फिर से बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने झारखंड के रांची से तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों लंबे समय से डोडा की सप्लाई करने का काम कर रहे थे। बताया दें कि 7 जून को आरटीओ धनवार बेरियर पर कार्रवाई के दौरान संदिग्ध ट्रक क्रमांक आरजे 19 जीजे 7447 से 1.30 करोड़ रुपए का से 14 क्विंटल 44 किलोग्राम डोडा बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने जांच के दौरान पूर्व में वाहन स्वामी राजस्थान जोधपुर के ओसिया हरिपुरा निवासी राजू सिंह आ. स्व. सुल्तान सिंह, चालक दीपाराम आ. आसूराम, खरीददार पश्चिम बंगाल कलकत्ता के माल्दा इंग्लिश बाजर निवासी 41 वर्षीय उत्तम राय आ. अभिनंदन राय, रांची के खूंटी बिरहु निवासी 37 वर्षीय साहिल अनिल संगा आ. राम संगा सहित अन्य को गिरफ्तार किया था इसके साथ ही इस मामले में अन्य तस्करों की तलाश की जा रहती थी। एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर एएसपी विश्वदीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम फिर से झारखंड के रांची रवाना हुई थी। इस दौरान टीम ने दो अन्य आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी खूंटी के चिकोर मुन्दरू टोली निवासी 23 वर्षीय मिथुन मुंडा आ. सूना मुंडा व पट्टीबेरा निवासी 25 वर्षीय राज मुंडा आ. जगरनाथ मुंडा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा अफीम के खेत से डोडा खरीदकर अवैध रूप से इसकी देशभर में सप्लाई की जा रही थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 15 (सी), 25, 29 के तहत जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में आरक्षक भूपेन्द्र सिंह, ताराचंद एवं साईबर सेल की टीम शामिल रही।

## खबर संक्षेप

### अस्थाई पटाखा लाइसेंस हेतु आवेदन 7 अक्टूबर तक

**अंबिकापुर।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने बताया कि वर्ष-2025 में दशहरा एवं दीपावली त्योहार को ध्यान में रखते हुए जिले अंतर्गत फुटकर पटाखा विक्रय किए जाने के लिए लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन ऑनलाइन प्राप्त किये जा रहे हैं। इच्छुक फुटकर पटाखा व्यापारी लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र 7 अक्टूबर तक कर सकते हैं, ताकि प्राप्त आवेदनों को समय पर निराकरण कर अस्थाई फटाका लाइसेंस समय-सीमा में जारी किया जा सके।

### संकुल समन्वयकों को शालाओं का निरीक्षण करने के निर्देश

**अम्बिकापुर।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत संकुलों में नामांकित होने वाले संकुल प्रभारी-संकुल समन्वयक के नामांकन एवं कार्य के संबंध में राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार संकुल समन्वयक अपनी पदांकित शाला में न्यूनतम तीन कालखण्ड अध्यापन कार्य किया जाना था, जिसका पालन कार्यरत समन्वयकों द्वारा नहीं किए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा द्वारा सर्व संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि सभी संकुल समन्वयक अपनी पदांकित शाला में तीन कालखंड अध्यापन कार्य के बाद ही संकुल के विभिन्न कार्यों एवं अकादमिक गतिविधियों में समन्वयक सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के दौरान संकुल समन्वयक द्वारा अध्यापन कार्य नहीं किया जाना पाये जाने पर संबंधित पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। पत्र में संकुल प्रभारी एवं संकुल समन्वयक को कार्य हेतु जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किए जाने कहा गया है।

### सर्पदंश से गंभीर महिला की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** फसल देखने जा रही महिला को रास्ते में जहरीले सांप ने काट लिया। महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम तुरियाडांड़ निवासी बदिया यादव पति जमुना यादव 3 सितंबर को खेत में लगी फसल को देखने जा रही थी। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसके पैर में काट लिया। सांप के काट लेने पर महिला ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### गिरने से गंभीर राजमिस्त्री की गई जान

अम्बिकापुर। निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा राजमिस्त्री नीचे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए राजमिस्त्री की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम लक्ष्मणगढ़ निवासी राजमिस्त्री समुन्द्र साय आ. घासी मझवार (41 वर्ष) गांव में निर्माणाधीन मकान में प्लास्टर कर रहा था। इसी दौरान नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। राजमिस्त्री को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## खबर संक्षेप

### प्राचार्य ने डीईओ को विद्यालय की आवश्यकताओं से कराया अवगत



**पोड़ीमोड़।** ग्राम सरहरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक के नवनियुक्त प्राचार्य दिलीप तिवारी ने जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा से सौजन्य मुलाकात की। प्राचार्य दिलीप तिवारी ने विद्यालय की मूलभूत आवश्यकताओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए भौतिकी विषय की व्याख्याता की मांग की और अच्छे परिणाम लाने का भरोसा दिया। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने स्कूल शिक्षा परिणाम और स्कूल के शैक्षिक वातावरण में निरंतर सुधार के साथ नई शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की बात कही। शिक्षकों की सभी समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान छत्तीसगढ़ टीचर एसोसिएशन के जिला प्रचार सचिव अविनाश तिवारी उपस्थित थे।

### एसपी ने साइबर जागरूकता रथ को किया रवाना



**बलरामपुर।** साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। आमलोगों को साइबर क्राइम से बचाने, अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने साइबर सुरक्षा मुहिम के तहत छतीसगढ़ के प्रत्येक जिले में साइबर सुरक्षा रथ द्वारा जागरूकत अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय प्रांगण में एसपी वैभव बैंकर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसबीआई मैनेजर अभय सिंह एवं अन्य गणमान्य नागरिकों एवं पुलिस ऑफिसर्स की उपस्थिति में साइबर सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साइबर सुरक्षा रथ जिला के विभिन्न क्षेत्रों में 12 व 13 सितम्बर को गांव गांव में जाकर आमजन को साइबर क्राइम से बचने, लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाएगा। जागरूकता कार्यक्रम में साइबर रथ नुक्कड़ नाटक एवं स्टेट बैंक के अधिकारियों द्वारा साइबर फ्रॉड के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया जाएगा, लोगों को साइबर अपराध से बचाव हेतु सुरक्षित पासवर्ड, ओटीपी साझा न करना, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करना तथा ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने, डिजिटल अरेस्ट से बचने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

### शैक्षणिक भ्रमण में बच्चों ने सीखा व्यवहारिक ज्ञान



**अम्बिकापुर।** माउंट लिट्रा जी स्कूल में कक्षा पहली से पांचवी के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सप्ताह का आयोजन किया गया। छग राज्य स्थापना के 25वीं वर्षगांठ रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को बैंक, सब्जी मंडी, स्वच्छता पार्क का भ्रमण कराया गया जहां बच्चों ने बैंक में लेनदेन के तरीके, सब्जी मंडी में खरीद फरोख्त के गुर सीखे वही साफ़ सफाई व स्वच्छता को लेकर किए जा रहे कार्यों का अध्ययन किया। इस बच्चों ने शिक्षिका तलत, ज्योति व अन्य अध्यापकों के साथ भ्रमण किया।

## ट्रैक्टरों से किए जुताई, कर रहे फसल लगाने की तैयारी

# वन भूमि पर अवैध कब्जा करने पेड़ों को काटकर बना दिए खेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

■ सिलौटा नहीं किनारे वन भूमि पर कर रहे कब्जा

जंगल पहाड़ की भूमि को संरक्षित करने शासन द्वारा लगातार प्रयासरत है। परंतु विभाग की लापरवाही के कारण अब जंगल की भूमि भी सुरक्षित नहीं है। बरसात में एक बार फिर वन भूमि पर कब्जा करने की होड़ मच गई है। आलम यह है कि लोग न सिर्फ जंगल के पेड़ों की अवैध कटाई कर रहे है बल्कि भूमि पर कब्जा कर फसल लगान की तैयारी में जुट गए है। ऐसा नहीं है कि अवैध कब्जा को लेकर वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को सूचना नहीं दी गई बावजूद इसके किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

प्रतापपुर वन विभाग सर्किल परिक्षेत्र सहायक व कर्मचारियों की लापरवाही से क्षेत्र में लगातार जंगल में अतिक्रमण करने सहित बरसात के मौसम शुरू होते ही जंगलों की अवैध कटाई के साथ में वन भूमि पर कब्जा करने की होड़ मची हुई है। वहीं वन भूमि पर जुताई करने का मामला सामने आया है। सिलौटा चट्टीपारा नदी किनारे वाला जंगल और सिलौटा खुढेनडांड समीप जंगल मे पेड़ों की कटाई के साथ खेत बना दिया गया है और अब फसल लगाने की तैयारी की जा रही है। इधर गांव के ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए वन विभाग से शिकायत की है। लेकिन आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी है। ऐसे में अतिक्रमणकारियों के हौसले न सिर्फ बुलंद हो गए हैं बल्कि वन भूमि पर लगातार कब्जा करने की होड़ मची हुई है। बरसात का मौसम शुरू होते ही पहले की अपेक्षा अब ज्यादा लोग पेड़ों की अवैध कटाई कर वन भूमि में ट्रैक्टर से खेत बनाने लगे है और जुताई कर रहे हैं।



पेड़ों को काटकर बनाए गए खेत।

### ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

सिलौटा के अलावा क्षेत्र के चन्द्रेली, सोनपुर, मसगा, टुकुडांड़ सहित अन्य जंगलों में पेड़ो की कटाई चल रहा है। ग्रामीणों ने इसकी लिखित शिकायत प्रतापपुर रेंजर से की लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी और न ही क्षेत्र के जितने भी बिट गार्ड है भी जंगल की सुरक्षा नहीं कर पा रहे हैं। प्रतापपुर वन परिक्षेत्र में हो रही पेड़ों की कटाई और खेत बनाकर जुताई करने पर ग्रामीणों ने कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### पूर्व में की जा चुकी है कार्रवाई

जंगल के पेड़ों की कटाई कर खेत बनाने तथा फसल लगाने पर वन विभाग द्वारा पूर्व भी कार्रवाई की जा चुकी है। हालांकि कार्रवाई के बाद वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण पर अंकुश लगा था लेकिन अब पुनः जंगल के पेड़ को काट कर खेत बनाने की होड़ मच गई है। बताया जा रहा है कि पेड़ की कर वन भूमि पर कब्जा करने के पीछे वन अधिकार पट्टा भी एक वजह है जिससे ग्रामीण वन भूमि पर अतिक्रमण कर अपना कब्जा बताते है।

### की जाएगी कार्रवाई

जंगल में पेड़ कटाई कर खेत बना कर फसल लगाना गंभीर मामला है। कौन-कौन वन भूमि पर कब्जा कर बुवाई कराया है। कहां पेड़ों की कटाई हुई है इसकी जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-प्राकृतिक बारले
एसडीओ वन विभाग

## प्रेम प्रसंग में 11 की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**डांड़गांव।** ग्राम पंचायत सलका निवासी 11 वीं की नाबालिग छात्रा ने प्रेम प्रमंग में प्रताड़ना से तंग आकर गत दिन दोपहर 2 बजे अपने घर के म्यार में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जिस समय छात्रा ने फांसी लगाई उस समय घर में परिजन नहीं थे। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के साथ ही नाबालिग प्रेमी को हिरासत में लेकर न्यायालय पेश किया है। पुलिस के मुताबिक मृतिका उदयुपर में विद्यालय में 11कक्षा में पढ़ाई करती थी जबकि उसका नाबालिग प्रेमी भी दूसरे निजी स्कूल में कक्षा 11 पढ़ाई करता है, जो दूसरे समुदाय और घर उदयपुर में है। इस बीच दोनों का जान पहचान होने के बाद लंबे समय से प्रेम संबंध में थे। बजाया जा रहा है कि प्रेमी गैर समुदाय के होने के कारण उसे अपने समुदाय के रीति रिवाज, धर्म कर्म को लेकर दबाव बनाना था जिससे परेशान होकर नाबालिग ने अपने घर में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी परिजन ने थाना प्रभारी शिशिर कांत सिंह को दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने नाबालिग प्रेमी के विरूद्ध धारा 108 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया है। इधर घटना को कुछ हिंदू संगठनों ने कड़ा विरोध जताया है।





## साप्ताहिक बाजार में बढ़ रही है पॉकेटमारी और मोबाइल चोरी की घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

■ लोगों में आक्रोश

साप्ताहिक बाजार में इन दिनों चोरी और पाकिट मारी की घटनाएं बढ़ गई है। लोगों के जेबों से मोबाइल फोन, पैसे चोरी होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। इन घटनाओं से लोगों में खासी नाराजगी है।

बता दें कि नगर के साप्ताहिक बाजार में लोग लगातार चोरी की घटनाओं के शिकार हो रहे है। 10 सितम्बर की शाम 4 बजे सब्जी लेने पहुंचे नगर के शैलेन्द्र गुप्ता व गणेशपुर निवासी मंदिरका ठाकुर के जेब से अज्ञात लोगों ने पाकिटमारी कर मोबाइल फोन पार कर दिया था। इसके पूर्व भी सब्जी बाजार में कई लोग चोरी व पाकिटमारी के शिकार हो चुके है। ग्रामीणों का कहना है कि साप्ताहिक बाजार में बाहर से आए महिला-पुरुषों द्वारा नाबालिगों को भी अपने गिरोह में शामिल किया गया है और भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर पॉकेटमारी और मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। वहीं लोगों का का आरोप है कि चोरी की शिकायत लिखवाने के लिए थाने जाने पर उन्हें ही बैठाकर घंटों पूछताछ की जाति है लेकिन ना ही कोई ठोस कार्रवाई होती है और ना ही उनका मोबाइल फोन बरामद होता है। पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई नहीं करने से ही क्षेत्र में चोरों और पॉकेटमारो के हौसले बुलंद है। लखनपुर सहित आसपास के बाजारों में हर सप्ताह इस तरह की पॉकेट मारी मोबाइल चोरी वारदातें सामने आ रही हैं। लखनपुर थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा ने बताया कि लगातार पुलिस द्वारा बाजारों में पेट्रोलिंग की जाती है कुछ संदिग्ध बाहरी व्यक्तियों को भी पूछताछ किया जाता है। बाजारों में किसी चोरी की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस टीम पहुंचकर कार्रवाई कर रही है।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत दिया परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना धरती आभा के तहत आदि साथी एवं आदि सहयोगी का प्रशिक्षण मंगल भवन में मास्टर ट्रेनर द्वारा किया गया।

विकासखंड के 110 गांव के आदिसाथी एवं आदि सहयोगी का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें 110 गांव के सरपंच, पंच शासकीय कर्मचारी जो आदि सहयोगी के रूप में कार्य करेंगे। कार्यक्रम 17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक ग्राम स्तर पर बैठकर दल के सदस्यों द्वारा योजना बनाकर 2 अक्टूबर की विशेष ग्राम सभा में अनुमोदित कर केंद्र सरकार को भेजेंगे। धरती आभा के तहत जनजाति बाहुल्य गांव को चिन्हांकित कर उनके विकास के लिए विकास योजना तैयार कर रहे है। विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में रंजय सिंह, चंद्रिका आयाम, विमलेश सिंह, सीमा साहू, हाफिज अंसारी द्वारा कर्मयोगी के तहत आदि साथी एवं आदि सहयोगी के कार्य एवं दायित्व बताए गए। ग्राम के विकास के लिए अच्छी योजना बनाकर गांव का विकास करने का सुझाव दिया गया। इस दौरान 101 पंचायत के सरपंच, पंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं ग्राम में पदस्थ शासकीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सेवा पखवाड़ा में विधायक ने सुनी कार्यकर्ताओं की समस्याएं



**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल गोविंदपुर में सेवा पखवाड़ा का कार्यशाला आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल ने कार्यकर्ताओं की समस्या सुनी और तत्काल निराकरण किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता भाजपा जिला महामंत्री अशोक सिंह द्वारा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी।

विधायक शकुंतला सिंह कुर्ते ने कहा कि प्रतापपुर के विकास के लिए समर्पित है। शहर से लेकर दुरुस्त गांव में जाकर विकास कार्य करवा रहे है जिससे लोगों को लाभ मिल सके। इस दौरान श्रीमती लालती सिंह, श्रीमती सुखमनिया आयाम, श्रीमती प्रेमावती पटेल, संजय मरावी, श्रीमती रामबाई, अमृत मरावी, गोविंद उइके सहित भाजपा मंडल गोविंदपुर के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा शिवनन्दनपुर की हुई मंडल स्तरीय बैठक



**बिश्रामपुर।** भाजपा शिवनंदनपुर की मंडल स्तरीय सेवा पखवाड़ा शाला की बैठक बिंझिया सामुदायिक भवन जयनगर में संपन्न हुई,बैठक की अगुवाई मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े ने की,बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश्वर पैकरा थे,अन्य अतिथियों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवधन राम बिंझिया,रितेश जायसवाल, सुरजपुर जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड़ उपस्थित रहे।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े ने सेवा पखवाड़ा शाला के प्रभारी नियुक्ति से संबंधित जानकारी दी,यहाँ पर महेश्वर पैकरा ने सेवा पखवाड़ा मंडल कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया,देवधन राम बिंझिया ने बताया कि मंडल कार्यशाला 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन आयोजित की जाएगी,जिसमें सेवा और समाज हित के विविध कार्यक्रम होंगे,रितेश जायसवाल व मनमत बछाड़ ने सेवा पखवाड़ा के दौरान अधिक से अधिक जनसंपर्क अभियान चलाने,समाज के अंतिम छोर तक संगठन की विचारधारा पहुंचाने तथा गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित रहने का आह्वान किया,बैठक में शितीकांत स्वाई,शनि मिश्रा, मनी बग्गा,भागवत प्रजापति,अमरलाल साहू,श्यामू साहू,नरेंद्र प्रजापति,कामेश्वर राजवाड़े,विष्णु समद्दार,विवेक जयसवाल,कृष्ण पाल बिंझिया, गणेश प्रसाद राजवाड़े,कमलेश सोनी,देवेंद्र सोनवानी, समीर सिंह, दिनेश राजवाड़े सहित अन्य उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202504020700127**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-2025

गंगापुरखुर्द प.ह.न.00021 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-राजु कुजूर, अनावेदक पक्षकार-कोई नहीं,

**ईश्तहार**

आवेदक राजु कुजूर आ. मंगलू, निवासी गंगापुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम गंगापुरखुर्द स्थित खसरा नंबर 299/55, 299/56 रकबा 0.005, 0.019 हे. के भूमि के राजस्व रिकार्ड में पूर्व में आवेदक का नाम दर्ज था, किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश आवेदक का नाम दर्ज नहीं है। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जाँच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त संबंध में जॉचकर प्रतिवेदन मय पंचनामा सहित सुनवाई दिनांक 26/9/25 के पूर्व प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

यह ज्ञापन मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 2/9/25 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील- अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**:: ईश्तहार ::**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधा कुमारी स्व. शिवशंकर रजक निवासी बौरीपारा थाना अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि अविदक के (पिता स्व. शिवशंकर रजक आ. स्व. विश्वनाथ रजक की दिनाक 12/03/2022 को स्थान निवास में हुई है।

आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
आई.एल.एस. हॉस्पिटल रायपुर के मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. भुवन शर्मा MD,DM (Neurology)
रायपुर के पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार अग्रवाल MBBS,MD Medicine (Delhi) DM (Gastro) BHU Varanashi
दर्द एवं जोड़ो के विशेषज्ञ डॉ. बी. मिंज MBBS,MD,FIPM (Fellowship in pain Management) Interventional Pain Physician Trained Advance Pain Management Procedure From Balaji Action Hospital,Delhi Daradia Pain Management Centre,Kolkata
रायपुर के सुप्रसिद्ध किडनी,प्रोस्टेट,स्टोन एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.ताज मोहम्मद सिद्दकी MS General Surgery MCH Urology & Renal Transplant Urology, ANDROLOGY, Avansed Laparosdopic & Kidney Transplant Surgeon
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1-5 Tesla MRI All Diagnostic Facilities
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल-II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन, एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन विशेषज्ञ डॉ. महावीर सिंह जौहरी MBBS,MS,DNB (Hyderabad) FEN (Jabalpur), CNETS AIIMS (Delhi)
रायपुर के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. तुषार बहादुरे MD, Internal Medicine DM (Nephrologist)
14 सितम्बर 2025 माह के दूसरे रविवार को
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S., M.D. (पल्मोनरी मेडिसिन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल
(हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से सम्बधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनाँक -: 14 सितम्बर 2025 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
दिनांक 24 सितम्बर 2025 दिन - बुधवार
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neura Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 सितंबर, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 78699 17120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गोरखपथ, अम्बिकापुर

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 31 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में दिनांक - 7 सितम्बर 2025, रविवार
सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ.आशु जैन एम.एस, एम.सी.एच न्यूरोसर्जन
किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार ए.वी. एसोसिएट कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी (किडनी रोग विशेषज्ञ)
गैस्ट्रो - इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग एमबीबीएस, डीएनबी (मेडिसिन) डीएनबी (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी) गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ
सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक विशेषज्ञ डॉ.रितेश सिंह MBBS, MPH, DCMH, CCPM (NIMHANS Bangalore)
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) मो.8120906000 | 8120809000

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
Apollo HOSPITALS BILASPUR
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर 07774222555, 8718003300, 8085886678,
गायत्री हॉस्पिटल बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 9424250281, 8120906000

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि
यह दवा 8 प्रकार के बुखारों को मात्र 3 खुराक में जड़ से समाप्त कर देती है।
विजरा माल्ट
शादी से पहले या शादी के बाद में पुरूष बांझपन एवं नंपुशक्ता का विश्व का सबसे उत्तम दवा एक भी शुक्र कीट जिंदा या मुर्दा मिलने पर 100% ईलाज
विजरा पावर
शादी के बाद यह दवा पहले से दसवें दिन तक किसी तरह के कमजोरी को दूर कर सिथिलता एवं शीघ्र पतन को दूर कर आंतरिक ताकत का एहसास कराती है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

## खबर संक्षेप



### रजत जयंती समारोह के अवसर पर निकाली तिरंगा यात्रा

**लखनपुर।** राज्य की रजत जयंती समारोह के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय लखनपुर में गुरुवार को तिरंगा यात्रा रैली का भव्य आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारंभ छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री माननीय राजेश अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके श्रीवास्तव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा कॉलेज प्रांगण से प्रारंभ होकर लखनपुर बस स्टैंड एवं लखनपुर अस्पताल मार्ग से होते हुए लगभग 6 किलोमीटर की दूरी तय कर पुनः महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर जिपं सरगुजा के सभापति विजय अग्रवाल ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को पानी पाउच वितरित कर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए और छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रभक्ति के गीत एवं नारों से वातावरण को ओजपूर्ण बना दिया।

### 25वी शालेय क्रीडा कुराश प्रतियोगिता में शंकरगढ़ के छात्रों ने मारी बाजी



**शंकरगढ़।** 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कुराश खेल प्रतियोगिता बलौदा बाजार भाटापारा में आयोजित की गई थी जिसमें शंकरगढ़ बालक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने ट्रॉफी अपने नाम की। बच्चों को खेल शिक्षक अनीस तिरकी, सेलेस्टिन कुजूर, संदीप कुमार खलखो, बलमती, सरोज, प्रेमलाल केरकेट्टा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। 14 वर्ष बालक वर्ग में लकीम टोप्पो, अंशु कुमार, दिलीप कुमार गोल्ड पदक, जीवन रजत पदक, 17 वर्ष बालक वर्ग में अखिलेश्वर, अंकित बारगाह रजत पदक, नितेश कुमार, कुलदीप तिर्की, नरेंद्र कुमार, राम तिग्गा कांस्य पदक, 19 वर्ष बालक वर्ग में समीन राम गोल्ड पदक, आशीष राम, अमित लकड़ा रजत पदक प्राप्त कर शंकरगढ़ का नाम रोशन किया। नगर आगमन पर शंकरगढ़ में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी विजय कवर, स्कूल के प्राचार्य सुशील कुमार एक्का, खेल शिक्षक एवं बच्चों का स्वागत किया। साथ ही आतिश बाजी कर रैली निकाली गई। इस दौरान मैरी ग्रेश लकड़ा, अमर, पुष्प लता, सरोज, सुदर्शन यादव, नीलू मिंज, प्रियंका पैकरा, मीराबाई सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध कराने की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**रामानुजगंज।** सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध कराने एवं वन भूमि पट्टाधारी किसानों की गिरदावरी कराने की मांग को लेकर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि जिले के सहकारी समितियों में खाद की भारी किल्लत होने के कारण किसानों को बाजार से 7 से 8 गुना महंगे दाम पर यूरिया खरीदी करना पड़ रहा है। ऐसे में किसान कर्ज में डूबते जा रहे है। इस वर्ष फसल बहुत अच्छी होने के कारण किसान लाचारी में बाजार से महंगे से महंगे दाम पर खाद लेने पर मजबूर हो रहे है और उन्हे ब्याज पर पैसे भी लेना पड़ रहा है। इसके अलावा वन भूमि पर प्राप्त पट्टाधारी किसानो के फसल खेतों की गिरदावरी राजस्व कर्मचारियों द्वारा नहीं की जा रही है जिसका खामियाजा किसानों को बिचौलियों के पास अपनी फसल कम दामों पर बेच कर भुगतना पड़ेगा। इस पूर्व तहसील स्तर पर अधिकारियों से मिलकर या ज्ञापन के माध्यम से गुहार लगाया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कांग्रेस पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है। इस दौरान जिलाध्यक्ष केपी सिहदेव, मधु गुप्ता, अशोक सिंह, संतोष यादव, मनोज दुबे, अजय गुप्ता, अजय सोनी, प्रतीक सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### महाविद्यालय के रजत जयंती अवसर पर विद्यार्थियों को साईबर फ्रॉड से बचने किया गया जागरूक



**बिश्रामपुर।** जिला सूरजपुर में साईबर कॉप-जागरूकता के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के तारतम्य में यू.वी संस्कार महाविद्यालय लटोरी में रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, उक्त कार्यक्रम में गुरुवार को उपस्थित छात्र छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं को साईबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट,युवाओं को नशे के कुरीतियों दूर रहने व यातायात नियमों का पालन करने के संबंध मे जानकारी दी गई,साथ ही उपस्थित कॉलेज के विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी स्थिति में अपने बैंक खाते की जानकारी,एटीएम पासवर्ड,ओटीपी किसी को शेयर न करें,अनजाने काल व वीडियो कॉल न उठाये, एवं मोबाइल में किसी भी लिंक को टच कर स्वीकार न करें,इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य भागीरथी पातर, व चौकी लटोरी से प्रधान आरक्षक दिलेश्वर सिंह, आरक्षक कुंदलाल राजवाड़े,महिला आरक्षक मालती उपस्थित रहे।

## 5 साल में बलरामपुर में 1.45 करोड़ एवं सरगुजा में 13.17 लाख पौधे

# वन विभाग हर साल जंगलों में लगा रहा लाखों पौधे, नहीं सुधर रही वनों की सेहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वनों की हरियाली बढ़ाने के लिए वन विभाग हर साल भारी भरकम राशि खर्च कर लाखों पौधे लगा रहा है लेकिन वनों की सेहत में सुधार नहीं हो रहा है। वन अधिकारी पौधरोपण के माध्यम से वनों के घनत्व व क्षेत्रफल बढ़ाने का दावा कर रहे हैं वहीं वनों की लगातार बिगड़ती हालत दूसरी ही कथा बयां कर रही हैं।

**खास बात**

- लगातार घट रहा जंगलों का घनत्व, तस्करों ने वनों को उजाड़कर बना दिया खाली मैदान

कभी अपने घनत्व के कारण दूर-दूर तक चर्चा का विषय रहे सरगुजा के वनों का घनत्व तेजी से घट रहा है। बेखौफ चल रही अवैध कटाई से जंगल ठूंठ में तब्दील हो रहे हैं। हाल के चार दशकों में सरगुजा संभाग के हर जंगल की स्थिति में तेज बदलाव हुआ है। जंगल के जिस भाग में बड़ें – बड़े साल के पेड़ खड़े थे वह अब सपाट मैदान बन गया है दूरस्थ क्षेत्रों के ऐसे स्थल जहां आवागमन की सुविधा नहीं है वहीं के जंगल अब हरियाली बिखेर रहे हैं। अन्य वनों की हालत ऐसी है कि सड़क के किनारे तो पेड़ दिखते है लेकिन जंगल के भीतर के पेड़ों को तस्कर तेजी से साफ कर रहे हैं। तस्करों की सक्रियता बढ़ने के पीछे रेंजर से लेकर ऊपर के अधिकारियों का वनों से दूरी बनाना एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह मैदानी अमले पर निर्भर रहने को माना जा रहा है। विरल वनों के सुधार एवं खाली वनभूमि को आबाद करने के उद्देश्य से वन विभाग प्रायः हर साल लाखों पौधे लगा रहा है लेकिन पौधरोपण कराने के बावजूद वनों की हालत नहीं सुधर रही है।



**5 साल में रोपे गए 3.17 करोड़ पौधे**

सरगुजा वन वृत्त के विभिन्न वनमंडलों में पांच साल के भीतर 3 करोड़ 17 लाख 80 हजार 102 पौधों का रोपण किया गया है। पौधरोपण के लिए विभाग ने भारी भरकम राशि भी खर्च की है लेकिन जंगलों की सेहत में सुधार नहीं आया। पांच साल के भीतर सरगुजा वनमंडल में 1337337, सूरजपुर में 4772243, बलरामपुर में 14509168, कोरिया में 51416662, मनेन्द्रगढ़ में 13922469 एवं जशपुर वनमंडल में 7298 पौधों का रोपण किया गया है। सबसे अधिक पौधरोपण बलरामपुर वनमंडल में जबकि सबसे कम पौधे जशपुर वनमंडल में लगाए गए हैं। कुछ क्षेत्रों में ग्रामीण पौधरोपण को सफल नहीं होने देते तथ वनभूमि पर कब्जा जमाने के उद्देश्य से पशुओं को छोड़ देते हैं तथा बचे-खुचे पौधों को उखाड़ देते हैं। वर्षा जल पर निर्भर होने एवं देखरेख के अभाव में बड़ी संख्या में पौधे सूख जाते है। ऐसा नहीं है पांच साल पूर्व से ही विभाग खाली वनभूमि में पौधरोपण करा रहा है। विभाग दशकों से पौधरोपण करा रहा है। यह जानकर हैरानी हो सकती है कि पूर्व में जहां जंगल के बड़े क्षेत्र में पौधरोपण कराया गया था आज पौधों के निशान तक नहीं बचे है।

**क्षति पर वसूली का प्रावधान**

पौधरोपण की असफलता एवं अधिकारियों की खानापूर्ति को देखते हुए शासन 70 से 80 फिसदी पौधों के सुरक्षित बचने का मापदण्ड निर्धारित किया है। निर्धारित मापदण्ड से रोपे गए पौधों में कमी आने पर बीट गार्ड से लेकर डीएफओ तक वसूली करने का प्रावधान किया गया है। विभाग द्वारा दूसरे वनमंडल के अधिकारियों से पौधरोपण का सत्यापन कराने का नियम भी लागू किया गया है। शासन द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करने के बाद हालात कुछ बदले हैं।

जिस तरह से विभाग पौधरोपण करा रहा है वनों का बड़ा भाग लहलहाता नजर आता लेकिन ऐसा बदलाव यदा-कदा ही देखने को मिलता है। जंगल के पेड़ों को उखाड़ने के बाद अब हर क्षेत्र में वनभूमि पर कब्जा जमाने की होड़ चल रही है। हरियाली के बीच ग्रामीणों को खेती करते देख अन्य ग्रामीण भी वनभूमि पर कब्जा करने की कोशिशें कर रहे हैं। शहर से सटे महामाया पहाड़ पर चल रहे अवैध अतिक्रमण एवं पेड़ों की अवैध कटाई से दूरस्थ क्षेत्र के वनों की स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

**तय की गई है जिम्मेदारी**

रोपित पौधों की संख्या में 30 फीसदी से अधिक कमी आने पर वसूली का प्रावधान है। विभाग जांच रिपोर्ट के आधार पर पौधरोपण की नियमित समीक्षा करता है।

-वी.मातेश्वरन
सीसीएफ, सरगुजा

## सोसायटी से राशन व नगदी रकम चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



शिवप्रसाद नगर स्थित सोसायटी से राशन व नकदी चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई नगदी राशि सहित राशन बरामद किया है।

पुलिस के मुताबिक गुरूवार को ग्राम शिवप्रसादनगर निवासी मणिप्रताप साहू ने चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 9 सितंबर की रात शिवप्रसादनगर स्थित सोसायटी में लगे ताला को तोड़कर अंदर रखे 2 बोरी चावल, खाली बोरा एवं बोर का 80 मीटर तार व नगदी रकम 1050 रूपये चोरों ने पार कर दिया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(डी), 331(4), 35 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदेही शिवप्रसाद नगर निवासी राजेन्द्र प्रसाद आ. रामधन (32 वर्ष) व परमेश्वर सिंह उर्फ गजोधर आ. दामोदर दास (25 वर्ष) को दबिश देकर पकड़ा। पूछताछ करने पर दोनों ने सोसायटी से चोरी की करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर 2 बोरी चावल, 80 नग बोरा, 80 मीटर तार व 1 हजार रुपये बरामद किया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बसदेई योगेंद्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक शिवकुमार सारथी, आरक्षक देवदत्त दुबे, रामकुमार सिंह, दिलीप साहू, निलेश जायसवाल, राकेश सिंह, शिवराज सिंह व अशोक केवट सक्रिय रहे।

## तालाब में सिंघाड़ा तोड़ते समय आईमिर्गी, डूबकर मौत

**लखनपुर।** तालाब से सिंघाड़ा निकालने के दौरान डूबने से ग्रामीण की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि मूलतः: यूपी के मऊ देवदास अंतर्गत देवकली निवासी 40 वर्षीय राजेश राजभर आ. स्व. सुभाष राजभर नगर में रहकर तालाबों से सिंघाड़ा तोड़ने का काम करता था। 12 सितम्बर की सुबह 11.30 बजे युवक अपने साथियों के साथ तालाब के अन्दर गया हुआ था। सिंघाड़ा तोड़ने के दौरान ही अचानक उसे मिर्गी के झटके आने लगे और वह पानी में डूब गया। राजेश राजभर को उसके साथियों ने किसी तरह पानी से निकालकर लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही मामले की जांच की जा रही है। मृतक के साथियों का कहना है कि राजेश राजभर को मिर्गी की बीमारी थी।

## फर्जी खानापूर्ति से मृतक की भूमि दूसरे व्यक्ति के नाम अंतरित, उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

तहसील कार्यालय भैयाथान एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। ग्राम पंचायत दनौली खुर्द से जुड़ा एक फर्जी नामांतरण का मामला प्रशासनिक लापरवाही को उजागर कर रहा है।

जानकारी के अनुसार ग्राम दनौली खुर्द स्थित खसरा क्रमांक 224, रकबा 0.0500 हेक्टेयर स्व.अमरसाय के नाम दर्ज थी। नियमानुसार स्वामी की मृत्यु उपरांत उसकी पत्नी अथवा वैधानिक वारिसों के नाम नामांतरण होना चाहिए लेकिन अमरसाय की पत्नी के जीवित होने के बावजूद भूमि का नामांतरण सीधे मंजीत नामक व्यक्ति के नाम कर दिया गया।

इसके लिए न तो वारिसों की सहमति ली गई, न ही कोई न्यायालयीन प्रक्रिया अपनाई गई। साफ है कि पूरा खेल नियमों को ताक पर रखकर खेला गया। कार्यालय द्वारा ईश्तहार में भी भारी गड़बड़ी सामने आई है। बताया जा रहा है कि एक ही व्यक्ति ने 5-6 ग्रामीणों, पंच और चौकीदार तक के फर्जी हस्ताक्षर कर डाले। ग्राम पंचायत दनौली खुर्द की सरपंच सपना सिंह के सामने पंच पूजा सिंह और चौकीदार अभिमन्यु ने बताया कि हस्ताक्षर उनके नहीं है। इश्तहार में इंदकुंवर नाम की महिला को पंच बताया गया है जबकि पंचायत में इस नाम की कोई पंच नहीं हैं। प्रकरण के सार्वजनिक होते ही तहसील कार्यालय में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी चांदनी कंवर ने बताया कि यह जानकारी मिली है। मामले की जांच कराई जाएगी।

## बिजनेस/हेल्थ प्लस

### जादूगर दीप कुमार का जादू शो अब केवल 20 सितम्बर तक अंबिकापुर में

**अंबिकापुर।** राजमोहनी भवन पीजी कालेज के सामने अंबिकापुर में सुपर स्टार जादूगर दीप कुमार का जादू शो दर्शकों को भरपूर आनंदित कर रहा है, रोजाना शो में लोग सपरिवार पहुंच रहे हैं, एवं जादू शो देखकर खूब सराहना कर रहे हैं,लोगों का कहना है कि ऐसा

- आखिरी सप्ताह का शो और रोमांचक, ढेर सारे नए-नए करतब देखने को मिलेंगे



शो राजनांदगांव में पहली बार आया है, जिसमें रोजाना कुछ न कुछ नए प्रयोग देखने को मिलते हैं, शो के दौरान माइम मैजिक व चार कबूतर को पब्लिक की आंखों के सामने चार बलून बन जाना दर्शकों को खूब लुभा रहा है। रोजाना यहां 2 शो चलते हैं 4 बजे से एवं सायं 7 बजे से। रविवार व मंगलवार को 3 शो दिखाया जाता है- 1 बजे, 4 बजे, सायं 7 बजे से। प्रत्येक शो 2 घंटे का होता है। शो आयोजक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अंबिकापुर में 20 सितंबर को जादूगर दीप कुमार का आखिरी शो दिखाया जाएगा। इसके बाद यह जादू का काफिला किसी दूसरे शहर की ओर निकल जाएगा। इसलिए आप सब सपरिवार पहुंचें व विश्व की सबसे प्राचीन जादू कला का भरपूर आनंद उठाइये। शो का टिकट ऑनलाइन www.jadugardeepkumar.com एवं ऑफलाइन राजमोहनी भवन में बने टिकट काउन्टर से ले सकते हैं।

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 14 सितंबर को आईएलएस हॉस्पिटल रायपुर के मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.भुवन शर्मा, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.संजय कुमार अग्रवाल, दर्द एवं जोड़ो के विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज, किडनी, प्रोस्टेट, स्टोन एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.ताज मोहम्मद सिद्दिकी, ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन, एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन विशेषज्ञ डॉ.महावीर सिंह जौहरी, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.तुषार बहादुरे संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



## छात्रों ने कॉलेज के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर किया प्रदर्शन




**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी पीजी कॉलेज में पिछले तीन दिनों से चल रहे छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन ने आज उग्र रूप ले लिया। छात्रों ने आजाद सेवा संघ के नेतृत्व में कॉलेज के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। साथ ही छात्रों के लिए विशेष पुनः परीक्षा की मांग की। छात्रों का आरोप है कि परीक्षा में बार-बार बैक लगाया जा रहा है जिससे उनका एक साल बर्बाद होने की कगार पर है।

आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के नेतृत्व में छात्रों ने कॉलेज परिसर में जमकर नारेबाजी की। रचित मिश्रा ने महाविद्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि संभाग के सबसे बड़े कॉलेज की व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है और यहां के प्राचार्य छात्रों की समस्याओं को नजर अंदाज कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो कॉलेज में कोई भी छात्र दाखिला नहीं लेगा। वहीं छात्रों ने आरोप लगाया है कि बी कॉम, बी एससी और बीए . के 70-80 प्रतिशत छात्रों को एक ही जैसे विषयों में बार-बार बैक लगाया जा रहा है। छात्रों का दावा है कि उन्होंने परीक्षा अच्छे से लिखी थी, फिर भी उन्हें फेल कर दिया गया। इसके अलावा, छात्रों ने इंटरनल मार्क्स में भी गड़बड़ी का आरोप लगाया। छात्रों का कहना है कि 30 नंबर के आंतरिक मूल्यांकन में उन्हें सिर्फ 9 या 10 नंबर दिए जा रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर जब छात्रों ने अपनी उत्तर पुस्तिका देखने की मांग की तो कॉलेज प्रबंधन ने इससे भी इनकार कर दिया। दो घंटे तक चले इस हंगामे के बाद महाविद्यालय की प्राचार्य ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों से बातचीत की। उन्होंने तत्काल उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त को एक पत्र लिखकर छात्रों की विशेष पुनः: परीक्षा आयोजित कराने की मांग की। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष प्रतीक गुप्ता, नीतीश पटेल, अनुराग जायसवाल, कुशल जायसवाल, रामप्रवेश, तुलिका मानिकपुरी, हर्ष केसरवानी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



### सेवा पखवाड़ा को लेकर हुई भाजपा मंडल की कार्यशाला

**भैयाथान।** सेवा पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर नपं अध्यक्ष परमेश्वरी राजवाड़े एवं जिला उपाध्यक्ष संत सिंह के आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष सुनील परमेश्वरी राजवाड़े एवं जिला उपाध्यक्ष संत सिंह के आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष सुनील साहू की अध्यक्षता में भाजपा मंडल की कार्यशाला हुई। कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। परमेश्वरी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा परमो धर्मः की भावना को साकार करते हुए गरीब, शोषित एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उनके जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा का आयोजन विशेष महत्व रखता है। जिला उपाध्यक्ष संत सिंह ने कहा कि पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता, पं.दीनदयाल जयंती एवं गांधी जयंती पर सेवा कार्य किए जाएंगे। इस दौरान रामकुमार गुप्ता, शैलेन्द्र गुप्ता, लक्ष्मी केवट, शिव पाण्डेय, नेहा तिवारी, सत्या दुबे, नीरू गुप्ता, अखंड प्रताप सिंह, ललित राजवाड़े, तिलसाय राजवाड़े, रूपेंद्र कुशवाहा, विजेंद्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।




## पेज 1 के शेष...

### अम्बिकापुर विधानसभा में दर्ज...

अपने 50 साल के राजनैतिक जीवन में मतदाता सूची में इतनी गड़बड़ियां आज तक नहीं देखी जो विगत 5-7 में आ गई है। पार्टी के नवनियुक्त बीएलए को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सर्वाधिक जिम्मेदारी आप पर है। मतदाता सूची के निर्माण से लेकर चुनाव में मतदान तक एक बूथ पर आप पूरी पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ऐसे में आपको भरपूर सतर्कता के साथ काम करना है। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ में भी मतदाता सूचियों में मौजूद गड़बड़ियों को पकड़ने का काम प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा मतदाता सूचियों की जांच हेतु तय बिंदुओं की जानकारी देते हुए जल्द से जल्द अपना प्रतिवेदन देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों की विसंगतियों की जांच कर उन्हें शीघ्र ही आम जनता और प्रशासन के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक बीएलए बूथ पर हमारे लिए पार्टी के अध्यक्ष खड़गे जी के समतुल्य है। उसे अपने बूथ पर इसी भाव के साथ अपना शत प्रतिशत योगदान देना है। बैठक को पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा एवं पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अम्बिकापुर शहर के अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अम्बिकापुर ग्रामीण के अध्यक्ष विनय शर्मा, संजय विश्वकर्मा, मो. इस्लाम, इंद्रजीत सिंह धंजल, दुर्गेश गुप्ता, अनिल सिंह, अनूप मेहता, जमील खान, जोन अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, चंद्र प्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, निक्की खान, सोहन जायसवाल, अमित सिंह, अशोक सिंह, प्रेमनरायण तिवारी सहित अम्बिकापुर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी सेक्टर प्रभारी एवं बीएलए मौजूद थे।

